# जकि्र (अल्लाह को याद करना): अर्थ और आशीर्वाद (2 का भाग 1)

**रेटिंग:**

**वविरण:** ?? ?? ??? ????? ?? ?????? ?? ?????? ?? ?????? ?? ?? ????? ??????? ??????? ?? ???? ?? ????? ?? ????? ???????

**श्रेणी:** पाठ > बढ़ती आस्था > आस्था बढ़ाने के साधन

**दवारा:** Aisha Stacey (© 2013 NewMuslims.com)

**प्रकाशति हुआ:** 08 Nov 2022

**अंतमि बार संशोधति:** 07 Nov 2022

उद्देश्य

·ज़कि्र का अर्थ समझना।

·ज़कि्र के सात लाभ जानना।

अरबी शब्द

·*???* - इस्लामी रहस्योद्घाटन पर आधारति जीवन जीने का तरीका; मुसलमान की आस्था और आचरण का कुल योग। दीन का प्रयोग अक्सर आस्था, या इस्लाम धर्म के लिए कयिा जाता है।

·*?????* - (बहुवचन: अज़कार) अल्लाह को याद करना।

·*????* - (बहुवचन - हदीसें) यह एक जानकारी या कहानी का एक टुकड़ा है। इस्लाम में यह पैगंबर मुहम्मद और उनके साथियों के कथनों और कार्यों का एक वर्णनात्मक रकिॉर्ड है।

·*?????* - यह इस्लाम और अरबी भाषा में इस्तेमाल कयिा जाने वाला शब्द है जो शैतान यानि बुराई की पहचान को दर्शाता है।

·*????* - आस्था, वश्विास या दृढ़ वश्विास।

·*??????* - अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर सुन्नत शब्द के कई अर्थ हैं, हालांकि आम तौर पर इसका अर्थ है जो कुछ भी पैगंबर ने कहा, कयिा या करने को कहा।

- *?????* - प्रभुत्व, नाम और गुणों के संबंध में और पूजा की जाने के अधकिार में अल्लाह की एकता और वशिषि्टता।

# परचिय

Dhikr_(Remembering_Allah)_Meaning_Blessings_(part_1_of_2)_001.jpg Image not found or type unknown

यह मानव स्वभाव है कि जब हमें किसी चीज की जरूरत होती है, तो हम उसके बारे में लगातार सोचते रहते हैं। जब हमें भूख लगती है तो हम खाने के बारे में सोचते हैं। जब हमे प्यास लगती है, तो हम सोचते हैं कि हिम अपनी प्यास कैसे बुझा सकते हैं। जब हम प्यार में होते हैं तो हम हमेशा अपने प्रयि के बारे में सोचते रहते हैं। यह मानव स्वभाव है। अल्लाह ने हमें इसी तरह बनाया है। इसी तरह, जो अल्लाह से सच्चा प्यार करता है, जो यह समझता है कि उिसे अल्लाह की कतिनी ज़रूरत है, वह लगातार अल्लाह के बारे में सोचेगा। इसलिए ईमान की नशिानयिों में से एक है लगातार अल्लाह के बारे में सोचना, हमेशा अल्लाह के प्रतिजागरूक रहना। नरिंतर जकि्र के महत्व पर जोर दयिा जाता है, खासकर यदहिम अल्लाह की कृपा और दया चाहते हैं।

# अर्थ

इस्लाम में जकि्र का अर्थ है दलि में अल्लाह को याद करना और जुबान से उसका गुणगान करना।

यह एक सर्वव्यापी शब्द है, जसिमें पूजा के अनुष्ठान कार्यों को शामलि करने के अलावा, जुबान और हृदय की गतविधियिों की एक श्रृंखला शामलि है। इसमें अल्लाह के प्रतसिचेत रहना शामलि है जसिमें उसके बारे में सोचना और हर समय और अपने जीवन के हर क्षेत्र में उसका उल्लेख करना शामलि है। यह वह पूजा है जसिका कोई वशिष समय नहीं है, लेकनि इसे लगातार कयिा जाता है ताकयिह स्थायी रूप से मनुष्य के जीवन को अल्लाह और उसके आशीर्वाद से जोड़ सके।

जब हम घर से बाहर नकिलते हैं या घर मे प्रवेश करते हैं तो हम क्या कहते हैं? जब हम मस्जदि में प्रवेश करते हैं या वहां से नकिलते हैं तो हम क्या कहते हैं? हम सुबह और शाम और पांच दैनकि नमाज़ो के बाद क्या कहते हैं? हम इनमें से कुछ अज़कार को जानते हैं, लेकनि हमे उन अज़कार को याद करना है जनि्हें हम नहीं जानते और पैगंबर (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) की शकि्षाओं का पालन करने की आदत बनानी है।

# क़ुरआन और सुन्नत में महत्व

जकि्र हमारे दीन का केंद्र है और अल्लाह और उसके पैगंबर ने कई छंदों और हदीसों में जकि्र के आशीर्वाद की प्रशंसा की है।

## 1. अल्लाह जक्रि करने वालों की तारीफ करता है।

महान अल्लाह क़ुरआन मे कहता है:

**“...तथा अल्लाह को अत्यधकि याद करने वाले पुरुष और याद करने वाली स्त्रयिां, तैयार कर रखा है अल्लाह ने इन्हीं के लिए क्षमा तथा महान प्रतफिल।”(क़ुरआन 33:35)**

## 2. अल्लाह हमें बताता है कि विश्वासी की नशिानी यह है कि वह हमेशा ज़क्रि में लगा रहता है।

महान अल्लाह क़ुरआन मे कहता है:

**“जो खड़े, बैठे तथा सोए (प्रत्येक स्थति में,) अल्लाह को याद करते हैं...” (क़ुरआन 3:191)**

**“ऐ वश्विासयिों! याद करते रहो अल्लाह को, अत्यधकि। तथा पवत्रिता बयान करते रहो उसकी प्रातः तथा संध्या” (क़ुरआन 33:41-42)**

## *3.* जो ज़क्रि में लगा रहता है और जो ऐसा नहीं करता है, उसके बीच का अंतर।

यह अंतर पैगंबर मुहम्मद (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) द्वारा समझाया गया था:

**“अपने ईश्वर को याद करने वाले की तुलना मे ईश्वर को याद न करने वाले का उदाहरण जीवति और मृत के समान है।”[1]**

अगर कसिी का दलि 'जिंदा' है, तो यह उनकी भक्ति से स्पष्ट हो जाएगा, क्योंकि यह सच्चे जीवन की नशिानी है, लेकनि अगर कोई इस पर लापरवाही बरतता है, तो उसका दलि 'मृत' हो जाता है। शायद इसीलिए शास्त्रीय वद्विान, इब्न तैमयिाह (अल्लाह उन पर दया करे) ने कहा: "जक्रि का महत्व और कसिी के दलि से इसका संबंध मछली के लिए पानी के महत्व के समान है; जैसे मछली पानी के बनिा नहीं रह सकती, वैसे ही आपका दलि जक्रि के बनिा नहीं रह सकता।”

## 4. जक्रि आपको आपके सबसे बुरे दुश्मनों से बचाता है।

इस दुनिया में आपका दुश्मन आपकी इच्छाएं और शैतान हैं। एक खूबसूरत हदीस में पैगंबर जक्रि की ताकत का उदाहरण देते हैं; उन्होंने कहा: "अल्लाह ने यहया इब्न ज़कारयिाह (उन पर शांति हो) को

इज़राइल के लोगों को पांच काम करने के लिए कहा, जिनमे शामिल है: मैं आपको अल्लाह को याद करने का आदेश देता हूं, क्योंकि यह इस तरह है जैसे किसी व्यक्ति का दुश्मन उसका पीछा कर रहा है, फिर वह एक मजबूत किले मे जाता है और खुद को उनसे बचा लेता है। इसी तरह, एक आदमी शैतान से सिर्फ जिक्र के माध्यम से बच सकता है।" जब आप अल्लाह के प्रति सचेत रहेंगे, तो अल्लाह आपके शत्रुओं से आपकी रक्षा करेगा।

## 5. जिक्र आपके दिल के 'जंग' को दूर करता है।

'जंग' एक रूपक है जिसका उपयोग लापरवाह और बेखबर व्यवहार का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जिससे व्यक्ति सांसारिक जीवन से मोहित हो जाता है और आने वाले जीवन को भूल जाता है।

महान अल्लाह क़ुरआन मे कहता है:

**"सुनो! उनके दिलों पर कुकर्मों के कारण जंग लग गया है।" (क़ुरआन 83:14)**

दिल मे 'जंग' लग जाता है। पैगंबर से पूछा गया कि इस 'जंग' को हटाने का उपाय क्या है? उन्होंने कहा कि इस जंग को हटाने का एक तरीका अल्लाह का जिक्र करना है। अल्लाह का जिक्र इस सांसारिक जीवन (दुनिया) के जंग को दूर कर देता है। यह आपको अधिक आध्यात्मिक और अल्लाह के प्रति अधिक जागरूक बनाता है।

## 6. जिक्र इस दुनिया की समस्याओं को तुच्छ बना देता है

जिक्र इस संसार की समस्याओं से बचने का साधन है। हम सभी के जीवन में किसी न किसी तरह की समस्याएं होती हैं - वित्तीय, पारिवारिक, सामाजिक, जातीय और नस्लीय। हालांकि ये समस्याएं हमें चोट पहुंचा सकती है और हमें दुखी कर सकती है, लेकिन इस दुख और पीड़ा को कम करने का एक तरीका यह है कि हम लगातार जिक्र करते रहें। जितना अधिक हम अल्लाह के प्रति सचेत रहेंगे, उतना ही हमे यह एहसास होगा कि ये सीमित समस्याएं तुच्छ हैं। अल्लाह का जिक्र सांसारिक समस्याओं को तुच्छ बना देता है। इसलिए अल्लाह कहता है,

**"...निस्संदेह, दिल अल्लाह के स्मरण से संतुष्ट होते हैं।" (क़ुरआन 13:28)**

## 7. जिक्र संचार का एक पथ खोलता है, आपके और अल्लाह के बीच एक संवाद।

जो लगातार जिक्र मे लगे रहते हैं उनके पास एक खुला दरवाजा है, एक सीधा पथ जिसके माध्यम से वह हमेशा अल्लाह के साथ संवाद करते रहते हैं। जब आप जिक्र नही करते हैं, तो आपके पास यह संबंध नहीं होता है।

---

फुटनोट:

[1] *???? ??-??????, ???? ???????*

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/301

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।